तापमान

अधिकतम 43.6 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026




शनिचरी बाजार की ओर जाने वाली सड़क पर व्यापारियों का अवैध कब्जा।



## लू का खतरा, रात 8 बजे तक चल रही गर्म हवा



**बिलासपुर।** गर्मी की मार के आगे सब बे-बस साबित हो रहा है, उगते ही सूरज की किरणें आग बरसना शुरू कर देती है, दिन में 13 घंटे सूर्य की चमक बरकरार है, जिसके चलते गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच जबरदस्त गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा है, यही कारण है कि धूप में निकलते ही लोगों का गला सूखने लग जाता है। मौसम व स्वास्थ्य विभाग ने लू को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया है।

- **धूप में निकलते ही सूख रहा गला**

प्रचंड गर्मी झेलना लोगों के लिए मुश्किल हो चुका है। अभी दो माह तक सूरज की तपीस रहेगी, बताया जा रहा है हिन्दू पंचाग के अनुसार इस बार दो जेठ महीना है ऐसे में गर्मी के सितम देर तक रह सकते है। जिस तरह से पिछले दो दिनों से तापमान बढ़ रहा है, उससे लगता है कि आने वाले दिनों में पारा 45 डिग्री पार हो सकता है। शनिवार को तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया,लगातार दूसरे दिन भी पारा 44 के आसपास रहा है। जिससे गर्मी के कारण लोगों को बेहाल होना पड़ रहा है, खास बात यह है कि इस दौरान एसी और कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे है, और इसके चलते घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बिजली बिल बढ़ चुके है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों का अलर्ट जारी कर लू चलने की आशंका व्यक्त की है, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दिन के समय सीधे धूप में जाने से परहेज करने की हिदायत दी है।

### शरारती तत्वों ने देवताओं और महापुरुषों के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र पोस्ट डाली

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में धार्मिक टिप्पणी पर बवाल छात्रों के बीच सिर फुटौव्वल, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक बार फिर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लॉ विभाग (विधि विभाग) के छात्रों के मध्य सोशल मीडिया पर हुई एक बातचीत ने अब बड़े विवाद का रूप ले लिया है। धार्मिक टिप्पणी को लेकर छात्रों के बीच सिर फुटौव्वल की स्थिति बनी और विवेकानंद हास्टल में रात भर बवाल मचता रहा।

जानकारी के अनुसार, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विवेकानंद हॉस्टल में रहने वाले लॉ के छात्रों ने व्हाट्सएप ग्रुप पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को लेकर कुछ विवादित टिप्पणियां। इस चैट के स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद सामान्य छात्रों और विभिन्न समूहों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। छात्रों का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। आक्रोशित छात्रों ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत यूनिवर्सिटी प्रबंधन से की।

## स्वामी विवेकानंद हॉस्टल के सामने छात्रों में मारपीट, सुरक्षा कर्मियों के सामने दौड़ा-दौड़ाकर एक दूसरे को मारा गया

### आधी रात सड़क पर उतरे छात्र

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार- शनिवार की रात को कैम्पस का माहौल तब बिगड़ा जब शरारती तत्वों ने देवताओं और महापुरुषों के खिलाफ सोशल मीडिया में गाली गलौच वाला अभद्र पोस्ट डाला। इससे आक्रोशित छात्र आधी रात सड़क पर उतर आए और स्वामी विवेकानंद हॉस्टल के सामने एकत्र होकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही विवि परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मी और अधिकारी अलर्ट हो गए। सभी मौके पर पहुंचे लेकिन छात्रों के बीच मारपीट जारी रही। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति यह भी कहते हुए सिक्युरिटी गार्ड से गुहार लगा रहा है कि कि उसके पिता भी सीआरपीएफ में है, मत मारो।

### दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

इस बारे में कोनी थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से मामले की शिकायत की गई थी। विवि प्रबंधन ने भी शिकायत की थी। मामला धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला था, इसलिए इसे बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से लिया गया। जांच के बाद दोनों पक्षों के दो-दो लोगों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण को सेंसिटिव में माना गया है और जांच की जा रही है।



### दबाव पड़ा तो कोनी थाने में की गई शिकायत

जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के लोग भी रात को ही सीयू पहुंच गए थे। इस दौरान कहा गया कि अनुशासनहीनता और धार्मिक आस्था के अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे दोषियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। शनिवार की शाम तक विवि प्रबंधन द्वारा मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया जाता रहा। सभी बड़े अधिकारियों ने इसे एक सामान्य मामला बताया। बाद में लेकिन जब पूरा मामला वायरल हो गया और हिंदू संगठनों का दबाव पड़ा तो सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से कोनी थाने में शिकायत की गई। मामले में सिक्यूरिटी अधिकारी प्रार्थी बने हैं।

### चार छात्रों के कमरे सील

जानकारी के अनुसार विवि प्रबंधन ने इस मामले में दोनों पक्षों के दो दो छात्रों के कमरे सील कर दिए हैं। प्रबंधन द्वारा विवाद में शामिल अन्य छात्रों की जानकारी ली जा रही है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे अधिकारी

एक तरफ सेंट्रल यूनिवर्सिटी में धार्मिक माहौल खराब था और छात्र आपस में लड़ रहे थे तो दूसरी ओर इंटरनेशनल कांफ्रेस हाल में विवि के कुलपति, कुलसचिव समेत बड़े अधिकारी एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाने में मशगूल थे। इस विवाद की जानकारी इन जिम्मेदारों के पास रात को ही पहुंच गई थी, इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया और बस छात्रों के बीच विवाद बताकर पल्ला झाड़ा गया।अधिकारी इस मामले को देर रात या सुबह को ही संभाल सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम को अधिक तरजीह दी गई। छात्रों के साथ ही हिंदूवादी संगठनों में इस बात को लेकर भी अधिक गुस्सा था।



### सीयू में बार-बार हो रही इस तरह की घटनाएं

यहां बड़ा सवाल यह उठ रहा कि आखिर सेंट्रल यूनिवर्सिटी का माहौल खराब करने कौन आए दिन इस तरह की हरकत कर रहा है और क्या सीयू के जिम्मेदार अधिकारी यहां की व्यवस्था सम्हालने में असमर्थ हैं। ध्यान रहे कि यह पहली बार नहीं है जब यह संस्थान चर्चा में आया है। इससे पूर्व भी कैंपस में नमाज और अन्य वैचारिक मतभेदों को लेकर विवाद होते रहे हैं। बार-बार होने वाली ऐसी घटनाओं ने विश्वविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था और प्रबंधन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया।

### स्थिति पर नजर रखी जा रही

यह पूरा मामला छात्रों के बीच के विवाद का है। मामले की जांच के लिए बैठक बुलाई गई है और रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। कोनी थाने में मामले की शिकायत की गई है।

\- **अश्वनी दीक्षित**, कुलसचिव सेंट्रल यूनिवर्सिटी

### मिशन कर्मयोगी – साधना सप्ताह

## एसईसीएल को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 10 में स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सहायक कंपनी को मिशन कर्मयोगी – साधना सप्ताह 2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश के टॉप 10 परफॉर्मिंग संगठनों में स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग द्वारा एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन को प्रशंसा-पत्र प्रेषित किया गया है। इसमें एसईसीएल की सक्रिय सहभागिता, कोर्स पूर्णता में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा क्षमता निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि साधना सप्ताह 2 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 के दौरान एसईसीएल की प्रभावी भागीदारी तथा कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर व्यापक जुड़ाव, संगठन में निरंतर सीखने की संस्कृति एवं क्षमता निर्माण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- **सीएमडी हरीश दुहन को क्षमता निर्माण आयोग से मिला प्रशंसा-पत्र**

आईजीओटी कर्मयोगी भारत सरकार का एक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को सतत सीखने, कौशल उन्नयन एवं क्षमता निर्माण के लिए एकीकृत मंच प्रदान करना है। एसईसीएल द्वारा आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर कर्मचारियों के कौशल विकास हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, सतत एवं धारणीय विकास तथा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व से संबंधित विषय प्रमुख हैं, जो कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बना रहे हैं।

### एसईसीएल परिवार के लिए गर्व का विषय : सीएमडी



इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने कहा कि "यह सम्मान पूरे एसईसीएल परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह हमारे कर्मयोगियों की प्रतिबद्धता, सीखने की ललक एवं उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। हम आगे भी क्षमता निर्माण, डिजिटल लर्निंग एवं सतत विकास के क्षेत्र में अपने प्रयासों को और सशक्त करते रहेंगे।" एसईसीएल की यह उपलब्धि कोल इंडिया लिमिटेड के उस व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत एक जिम्मेदार, दक्ष एवं भविष्य उन्मुख संगठन के रूप में देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ बेहतर सार्वजनिक सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### जेईई मेन में कोतरी डीएवी की रचना का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**लोरमी।** ग्राम कोतरी डीएवी स्कूल के विद्यार्थी रचना मिश्रा ने जेईई मेन सेकंड सेशन परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रचना मिश्रा ने 86.97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।रचना की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। साथ ही अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा मिली है। विद्यालय के प्राचार्य दीपक वर्मा ने कहा कि, यह सफलता अनुशासन, मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### नपा क्षेत्र में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव

**लोरमी।** 'विश्व मलेरिया दिवस' के अवसर पर शनिवार को लोरमी नगर पालिका में मच्छरों के उन्मूलन हेतु सभी 18 वार्डों में रोस्टर बनाकर दवा छिड़कने का कार्य शुरू किया गया। नगर पालिका परिषद लोरमी की ओर से शहरवासियों को मौसमी बीमारियों से बचाने और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण पाने विशेष 'मच्छर उन्मूलन अभियान' की शुरुआत की गई है। मुख्य नपा अधिकारी चंदन शर्मा ने बताया कि, नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस कार्य के लिए एक विस्तृत रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके तहत शहर के सभी 18 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से मच्छर रोधी दवाइयों का छिड़काव कार्य किया जा रहा है। छिड़काव कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी 18 वार्डों को क्रमवार विभाजित किया गया है। इससे हर गली और मोहल्ले में दवा का पहुंचना सुनिश्चित होगा। नालियों और जल जमाव वाले स्थानों पर एंटी-लार्वा केमिकल का छिड़काव किया जा रहा है।

## निधन

### कली बाई नागरे



**मुंगेली।** सरदार पटेल वार्ड पुराना बस स्टैंड निवासी कली बाई नागरे पति स्व मयाराम नागरे का 86 वर्ष की आयु में 25 अप्रैल शनिवार को निधन हो गया। वे कृष्ण कुमार नागरे की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सीपत में ग्रामसभा

# सही लोगों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल शुक्रवार को ग्राम पंचायत सीपत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भीषण गर्मी के बीच पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 1 मई से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी जनगणना 2026-27 को लेकर ग्रामीणों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से जानकारी दी गई।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष श्रीफल एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत, स्वच्छता, मोर गांव मोर पानी अभियान, बाल संरक्षण, पेयजल संकट और सुशासन तिहार शिविर की तैयारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ। ग्राम सभा में विशेष रूप से गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से निपटने और हर घर तक पानी पहुंचाने की कार्ययोजना पर जोर दिया गया। इस दौरान पटवारी अरनेश टोप्पो ने कहा कि, जनगणना 2027 देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें हर नागरिक की सटीक जानकारी दर्ज होना जरूरी है। इसके लिए शासन द्वारा ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों विकल्प दिए गए हैं, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। ग्रामीणों को जागरूक होकर इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। वहीं बीएलओ चुरावन सिंह तरुण ने कहा कि, जनगणना केवल आंकड़े नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव है। आप सभी सही जानकारी दें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचे।



पंचायती राज दिवस पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि।

इस बार प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया गया है। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि, भीषण गर्मी को देखते हुए पंचायत का पहला लक्ष्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के तहत जल संरक्षण और प्रबंधन पर विशेष काम किया जाएगा। साथ ही सुशासन तिहार में आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हमारी प्राथमिकता रहेगी। पंचायत सचिव हेमंत पटेल ने कहा कि, 1 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार के लिए पंचायत स्तर पर पूरी तैयारी की जा रही है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। पेयजल, राशन, पेंशन और अन्य योजनाओं को लेकर विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि किसी भी ग्रामीण को परेशानी न हो। इस अवसर पर उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू, पटवारी अरनेश टोप्पो, प्रगणक शिक्षक चुरावन सिंह तरुण, रोजगार सहायक संजय गढ़ेवाल, मेट धनंजय, रामकुमार वर्मा, राजेश वर्मा, मनीष, ग्रामीण परमेश्वर कुर्रे, मोहन कश्यप, पंच विनोद यादव, दीपक यादव, लच्छी वर्मा, अमन यादव, सुमित जायसवाल, पोषण सत्यार्थी, गोपी वर्मा, रामायण भोई, उत्तम धीवर, भरत लाल सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में पंचगण, पंचायत कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीपत ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार

**सीपत।** नवगठित कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के रूप में द्रव्येश गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं उपाध्यक्ष पद पर बुटन पाटनवार, देव सिंह पोर्ते, मेघनाथ खांडेकर, घनश्याम नेताम, रामसनेही कमल और तानाजी राव बांकरे को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के रूप में जगदीश कश्यप, नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार राठौर, बलीराम पटेल, डॉ भोज यादव, विक्रम सूर्यवंशी, भरतपुरी गोस्वामी और कार्तिक मरावी को दायित्व दिया गया है। सचिव पद पर लक्ष्मी साहू, धनीदास महंत, रामहरे साहू, ज्ञान सरौता, देवी कुर्रे, रोशन जायसवाल, अशोक मरावी, शेषनारायण साहू, सुभाष राज और दिलीप मन्नेवार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पंकज बंजारे, रामखिलावन ठाकुर, मुनीर खान, रामखिलावन यादव, रवि निषाद और द्वारिका लास्कर को शामिल किया गया है। इसके अलावा अन्य कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।

### सकरी में कार्यकारिणी गठित

**सकरी।** कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के रूप में दूरज कुर्रे को नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर राजेश नेताम, जितेंद्र निर्मलकर, दिलीप यादव, जगदीश यादव, बिमला पात्रे और संतोष सुनहरे को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर लोमश साहू, दीपक यादव, विक्रमादित्य दुबे, मनोज श्रीवास, शकुंतला सिंगोर, लव नायक, राजेश कौशिक और भीम कौशिक को नियुक्त किया गया है। सचिव के रूप में दीपक डोंगरे, जयंत सूर्यवंशी, शत्रुहान सूर्यवंशी, राजमणि गढ़ेवाल, हेमलता सोनी, दिलीप कुमार चतुर्वेदानी, शुशीला मरावी, धनीराम भास्कर, लक्ष्मी देवी जायसवाल और सुरेश टंडन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दुर्गेश सूर्या, अंजू मिरी, भागबाई डहरिया, हरीश कुर्रे, अमित कुमार कौशिक और मनीष पोर्ते को शामिल किया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में उदय वासुदेव, ईश्वर केवट, दीपक महाजन और रूपेंद्र कौशिक को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

## विधायक अटल विधानसभा क्षेत्र में मनाएंगे जन्मदिन

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव 26 अप्रैल को अपने जन्मदिन के अवसर पर सुबह 10 बजे निवास से रवाना होकर रतनपुर पहुंचेंगे। वे महामाया का दर्शन कर जन्मदिन के अवसर पर आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जन्मदिन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। रतनपुर से बेलगहना पहुंचकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे कोटा पहुंचेंगे जहां नवागांव रोड पर हर्ष मैरिज रिजॉर्ट में आयोजित कोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जन्मदिन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान श्री श्रीवास्तव कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे। श्री श्रीवास्तव के जन्मदिन के लिए समर्थकों ने व्यापक तैयारियां की हैं। इस दिन कार्यकर्ता केक काटकर विधायक का जन्मदिन मनाएंगे।



रतनपुर बेलगहना और कोटा के दौरे पर रहेंगे

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया नशे के प्रति जागरुक

**बेलतरा।** जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बेलतरा ग्राम के भदरापारा मोहल्ले में जन चौपाल का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अंशिका जैन ने किया। जन चौपाल में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और अवैध शराब के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करने की अपील की गई। कार्यक्रम में अंशिका जैन आईपीएस अधिकारी रतनपुर थाना प्रभारी, एसआई अमृत साहू, एसआई मेलाराम, प्रधान आरक्षक खुसाल खुटे सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही बेलतरा सरपंच सुरेश कश्यप, उपसरपंच दुर्गा साहू, सचिव पदुम कृष्णा यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। जन चौपाल के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी समस्याएं साझा कीं, और नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि, अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आमजन की सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।






# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


आयोजन

## समारोह में प्रावीण्य सूची में शामिल बच्चों का सम्मान



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ने गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य स्तर में प्रावीण्य सूची में शामिल छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। भोजन अवकाश के उपरांत राज्य स्तरीय आगामी वर्षों की परीक्षा की तैयारी एवं समस्याओं के समाधान के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बिलासपुर जिले से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला संयोजिका जागेश्वरी साहू, ट्रस्टी बृजेश साहू भी शामिल हुए।

कार्यक्रम

## विवेकानंद केंद्र संस्कार वर्ग प्रशिक्षण शिविर का समापन



**बिलासपुर।** विवेकानन्द केंद्र कन्याकुमारी शाखा द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित अनिवासी संस्कार वर्ग प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अंशु श्रीवास ने किया। समापन सत्र में नगर सह संचालक नरेंद्र गुप्ता ने कहा की छोटे-छोटे संस्कार जीवन की दिशा एवं लक्ष्य तैयार करते हैं। श्री टिकेश्वर कौशिक ने कहा कि बच्चों में संस्कारों की नींव बचपन में ही पड़ती है। अतः संस्कार वर्ग आज समाज की आवश्यकता है। एक संस्कारी बच्चा ही भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। कार्यक्रम के दौरान कंचन गुप्ता के द्वारा विवेक वाणी की प्रस्तुति दी गई। शिविर के समस्त प्रतिभागी बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किया गया। नगर प्रमुख डॉ. सुषमा पंड्या ने आभार व्यक्त किया। समर बरगाह ने कार्यक्रम का समापन किया। गौरव कश्यप ने जय घोष कराया गया।

कार्यशाला

## बच्चों की कार्यक्षमता बढ़ाने के उपाय पर की गई चर्चा



**बिलासपुर।** रेलवे स्कूल में शिक्षकों के लिए एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ब्रेन वेव्स के आधार पर प्रभावी शिक्षण पद्धति, बच्चों के साथ व्यवहारिक समन्वय तथा उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का संचालन बीके चिरंजीवी ने किया और बताया कि बच्चों के मस्तिष्क में विभिन्न प्रकार की ब्रेन वेव्स जैसे बीटा, अल्फा, थीटा और डेल्टा कार्य करती हैं, जो उनके सोचने, समझने और व्यवहार को प्रभावित करती है। उन्होंने समझाया कि यदि शिक्षक बच्चों की मानसिक स्थिति को समझकर पढ़ाते हैं, तो सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सहज बन जाती है। बीके लता बहन ने आत्मा और परमात्मा का परिचय देने के बाद राजयोग मेडिटेशन करवाया। मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने के सरल उपाय भी साझा किए गए। प्राचार्य ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी और समयानुकूल बताया और कहा कि इस प्रकार का आयोजन शिक्षकों के व्यक्तित्व एवं शिक्षण शैली को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# श्री सोलापुरी माता पूजा धार्मिक अनुष्ठान के लिए पूजा पंडाल की तैयारी जोरों पर



श्री सोलापुरी माता पूजा की धार्मिक अनुष्ठान के लिए श्री मरीमाई माता पूजा उत्सव समिति के सदस्यों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए भव्य पूजा पंडाल तैयार किया जा रहा है। श्री मरीमाई माता पूजा उत्सव समिति द्वारा, स्थान दुर्गा पंडाल, कंस्ट्रक्शन कालोनी में 2 मई से 11 मई तक धार्मिक अनुष्ठान कराया जाएगा। यह वर्ष पूजा का 20 वां वर्ष है। गर्मी के मौसम में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान श्री सोलापुरी माता पूजा का चौथा एवं इस वर्ष का अंतिम आयोजन है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### दुर्गा पंडाल, कंस्ट्रक्शन कालोनी में 2 से 11 मई तक होगा धार्मिक अनुष्ठान



श्री मरीमाईं माता पूजा उत्सव समिति के सचिव एन मनोहर राव ने बताया कि इस वर्ष श्री मरीमाईं माता पूजा उत्सव द्वारा दुर्गा पंडाल कंस्ट्रक्शन कालोनी में 2 मई से 11 मई तक धार्मिक अनुष्ठान कराया जाएगा। यह वर्ष पूजा का 20 वां वर्ष है। डॉ अजय सिंह समिति के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इस वर्ष 10 दिनों के धार्मिक अनुष्ठान में सबसे पहले 2 मई को सुबह 9 बजे काष्ठ देवता (राटा पूजा) से आयोजन का शुभारंभ होगा। 3 मई की रात 12 बजे पोतराजू की पूजा होगी।

4 मई को शाम 6 बजे, रेल्वे लोको कालोनी स्थित श्री त्रिपुरी मरीमाई माता मंदिर से श्री सोलापुरी माताजी की भव्य शोभायात्रा डबली बाजा, ताशा बाजा, मधुर वाद्ययंत्रों आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण के साथ श्री सोलापुरी माता का आगमन होगा। 5 मई से 10 मई तक पूजा स्थल में शाम 8 बजे माताजी का धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण होगा। 8 मई को सुहागिन महिलाओं द्वारा सुबह 8 बजे कुमकुम पूजा, 11 मई को दोपहर 11 बजे महाकुम्भ पूजा एवं महाभंडरा का कार्यक्रम होगा। 10 दिन चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान को खड़गपुर से आने वाले पुजारी के सुधाकर राव एवं ग्रुप द्वारा किया जाएगा।

श्री सोलापुरी माता पूजा के धार्मिक अनुष्ठान के लिए श्री मरीमाईं माता पूजा उत्सव के पदाधिकारी एवं सदस्य जोर शोर से लगे हुए हैं। पूजा पंडाल की तैयारी चल रही है। सदस्य घर-घर जाकर अनुदान राशि एकत्रित कर रहे हैं। हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास एवं आनंदमय वातावरण में मनाया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने कहा अभी तक उनका छोटा भाई विजय सिंह द्वारा श्री सोलापुरी माताजी के पूजा का धार्मिक अनुष्ठान करते थे। 10 दिन के धार्मिक अनुष्ठान को सफल करने के लिए सचिव एन मनोहर राव जी, प्रकाश यादव, आशुतोष सिंह, बी ईश्वर राव, जे गोवर्धन राव, बी श्रीराम मूर्ति, नितेश गेधम, के रामाराव, पी डी राव, ए कृष्णा राव, वाई अप्पा राव, जी श्रीनिवास राव, के रवि कुमार, बी गौरी शंकर, संदीप दास, अजय यादव, व्ही मधुसूदनराव, जे जगन पटनायक, ए ईश्वर राव, जी सम्मुख राव, जी रविकन्ना, एन संतोष, जी व्ही नरसिंग मूर्ति, व्ही रवि, बुड्डा रामाराव, एस श्रीनिवास राव, एन भास्कर राव, कमलेश करी, पी श्रीनिवास राव, केशव राव, अप्पल राजू, पी भीष्मा, एस मुकेश राव, राहुल सिंह, आर श्रीनिवास राव, व्ही राघवेंद्र राव, एम रामुलु, एल राजुलू, एस बाबाजी राव, सुनील उपाध्याय, जगन्नाथ राजू, टी श्रीनिवास, बापी चक्रवती, सुशांत, साईं , अंकुश, आर्यन, तरुण एवं अन्य सदस्यगण आयोजन को सफल करने के लिए लगे हुए हैं।

## सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में विष्णु ललिता सहस्रनाम का पाठ आज

■ भोग, आरती के बाद भोजन प्रसाद का होगा वितरण



**बिलासपुर।** श्री सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में रविवार 26 अप्रैल को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें सुबह साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे तक विष्णु व ललिता सहस्रनाम का पाठ मंदिर के पंडितों व भक्तजनों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद सिद्धि विनायक गणेश भगवान की भोग आरती की जाएगी। दोपहर साढ़े 12 से ढाई बजे तक भोजन प्रसाद का वितरण होगा। इसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। ज्ञात हो कि यह आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को किया जाता है।

## सिंधी महिलाओं, बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाबा मेहड़ दरबार तोरवा में सद्गुरु बाबा थावरदास साहिब के 244 वें अवतरण दिवस पर भक्तों ने 244 दीप प्रज्ज्वलित कर केक काटा गया। अमर भाई व जगदीश जज्ञासी ने भी भक्तपूर्ण भजन गाए।

महिला समिति के सदस्यों एवं छोटे बच्चों ने भजन व सिंधी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु नानक देव, बाबा सतगुरु थावरदास साहेब, बाबा आत्माराम साहेब, बाबा दयाल साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद मेहड़ दरबार शांति नगर कटनी के नारायण सांई के सुपुत्र सांई मोहित व साईं अंशुल ने सत्संग का रसपान कराया। उन्होंने एक सच्ची घटना का वर्णन करते हुए बताया कि किस तरह एक भक्त की भक्ति के आगे गुरु व भगवान झुक जाते हैं। उस भक्त की मनोकामनाएं पूरी हुई और अपनी अंतिम यात्रा पूरी कर प्रभु के श्री चरणों में बैकुंठधाम पहुंचे। इस कथा का सार यह है कि जो व्यक्ति अपने गुरु, प्रभु पर सच्चा विश्वास करता है और उनके बताए हुए मार्ग पर चलता है सच्चा सुख उसे ही प्राप्त होता है। मेहड़ दरबार कटनी के प्रमुख दादी साहिबा ने लाइव वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भक्तों को आशीर्वचन दिया। अंत में पल्लव पाया गया। विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। आम भंडारा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में मेहड़ दरबार के सभी सेवादारों का सहयोग रहा।

मानव एकता दिवस पर शिविर का आयोजन

## महिलाओं सहित 147 लोगों ने किया रक्तदान



**बिलासपुर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित की अनुकम्पा से इमलीपारा स्थित सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 147 महात्माओं ने रक्तदान किया। जिसमें 68 महिलाएं शामिल रहीं।

यह पावन दिवस बाबा गुरबचन सिंह एवं चाचा प्रताप सिंह की दिव्य स्मृति को समर्पित रहा। जिन्होंने अपने आचरण और विचारों के माध्यम से मानवता को प्रेम, विनम्रता और परोपकार का सच्चा मार्ग दिखाया। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में हजारों लोगों ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। बिलासपुर जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा सुन्दर श्याम ने बताया कि यह शिविर बिलासपुर जोन के ब्रांच बिलासपुर, कोरबा, अम्बिकापुर, जमनीपाली में आयोजित किया गया। इसमें सिम्स के डाक्टरों व पैथोलाजिस्ट ने सेवाएं दी। उन्होंने सभी डाक्टरों, उनकी टीम तथा रक्तदाताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। इस संस्था द्वारा 4 दशकों से रक्तदान का सफल आयोजन किया जा रहा है। मिशन का स्वयं का ब्लड बैंक मुम्बई में निरंतर अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह पुण्य प्रयास सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की दिव्य शिक्षाओं का प्रेरणादायी प्रतिबिंब है।

## अच्छे कर्म के प्राप्त होते हैं सुखद परिणाम



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीके स्वाती दीदी ने कहा कि अच्छे कर्म के सुखद परिणाम प्राप्त होते हैं।

शिविर के दूसरे दिन का मुख्य विषय "विचारों का महत्व" रहा। सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही बन जाते हैं। अच्छे विचार जीवन को उज्ज्वल बनाते हैं और नकारात्मक विचार हमें कमजोर बना देते हैं। जिस प्रकार एक छोटा-सा बीज जब धरती में बोया जाता है तो समय के साथ वही बीज विशाल वृक्ष बनकर अनेक फलों और फसलों का कारण बनता है, उसी प्रकार हमारे मन में आने वाला एक छोटा-सा विचार भी हमारे पूरे जीवन को दिशा देता है। अच्छा विचार बोने से अच्छे संस्कार, अच्छे कर्म और सुखद परिणाम प्राप्त होते हैं, जबकि नकारात्मक विचार धीरे-धीरे दुख और असंतोष का कारण बन जाते हैं। बीके अंजू दुआ ने संस्था का परिचय देते हुए ब्रह्माकुमारीज़ के उद्देश्य, कार्य और सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संस्था आत्मिक जागृति, नैतिक मूल्यों और विश्व शांति के लिए कार्य करती है तथा बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए राजयोग के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का मार्ग दिखाती है।

### अच्छे संस्कार से जीवन बनता है सुखद

बीके संतोषी दीदी ने आत्मा और शरीर के गूढ़ रहस्य को बच्चों के लिए बेहद रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कंप्यूटर का उदाहरण देते हुए बताया कि हमारा शरीर हार्डवेयर की तरह है, आत्मा ऑपरेटर है और संस्कार सॉफ्टवेयर के समान हैं। जैसे कंप्यूटर का सॉफ्टवेयर सही हो तो मशीन अच्छे से काम करती है, वैसे ही यदि हमारे संस्कार अच्छे हो तो हमारा जीवन भी सुचारू और सुखद बनता है।

### हैंडीक्राफ्ट बनाने सिखाया गया

शिविर में अनामिका टांक ने बच्चों को हैंडीक्राफ्ट बनाने सिखाया। बच्चों ने पेपर, धागे और अन्य सामग्रियों से सुंदर रचनाएं बनाईं। इस गतिविधि से बच्चों की रचनात्मकता, एकाग्रता और धैर्य का विकास हुआ। बीके परमानंद भाई ने बच्चों को व्यायाम कराया और यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर और शांत मन दोनों जीवन के लिए आवश्यक हैं।

स्पोटर्स न्यूज

## रणजी प्लेयर अंकित फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में आज से देंगे प्रशिक्षण



भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य तथा इंडिया ए टीम के खिलाड़ी अंकित यादव 26 अप्रैल से 2 दिनों तक फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में यहां नवोदय बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देंगे। अंकित उड़ीसा राज्य की तरफ से रणजी ट्रॉफी खेलते हैं और अब तक 60 से अधिक नेशनल तथा इंटरनेशनल मैचों में अपना प्रदर्शन किया है। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में समर कैंप में बच्चों बच्चों को भी दो दिनों तक बैटिंग कैसे करें बोलिंग की तकनीक तथा क्षेत्र रक्षण तथा क्रिकेट को लेकर अपने अनुभव भी बताएंगे तथा प्रशिक्षण भी देंगे। अंकित दो दिनों तक 26 एवं 27 अप्रैल को सुबह और शाम दोनों पारियों में नवोदित खिलाड़ियों को क्रिकेट के गुर सिखाएंगे। उनके आगमन को लेकर एकेडमी के बच्चों में काफी उत्साह है। इसके पहले भारतीय क्रिकेट टीम के राजेश चौहान किस खेल मैदान में बच्चों को प्रशिक्षण देने आ चुके हैं। फाउंडेशन प्रबंधन का मानना है कि अंकित यादव के प्रशिक्षण देने से अकादमी के बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिलेगा तथा क्रिकेट खेल की तकनीकी जानकारी भी मिलेगी। 60 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रदर्शन कर चुके अंकित यादव के अनुभव का लाभ क्रिकेट खिलाड़ियों को मिलेगा।

## क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 16 एलिट टीम घोषित

### बिलासपुर का पहला मैच सेक्टर 1 भिलाई में बीएसपी के मध्य आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेंस अंडर 16 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जो की 26 अप्रैल से छत्तीसगढ़ के अलग- अलग मैदान में खेला जाएगा। प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर ने भी बिलासपुर की अंडर 16 टीम घोषित कर दी गई है।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में आशुतोष अवस्थी (कप्तान), आदित्य ब्याह्वल, अंश कोरी, यश शर्मा, सिद्धांत शुक्ला, अभिनव यादव, आरुष कापसे, वैभव मोटवानी, लक्षित कार्तिकेयन, देवांश यादव, अनय प्रताप राजपूत, मोहम्मद जैद अनवर, अरमान खान, जतिन भूतडा, प्रज्वल इतपें, आयुष, प्रियांशु यादव, चिन्मय आनंद साहू का चयन किया गया है। एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच में दो ग्रुप बनाए गए हैं ग्रुप ए और ग्रुप बी। जिसमें बिलासपुर की टीम ग्रुप बी में है इसके अलावा रायपुर ब्लू, राजनांदगांव, कोरबा और बीएसपी की टीम है। बिलासपुर अपना पहला मैच सेक्टर 1 भिलाई में बीएसपी के मध्य 26 अप्रैल खेला जाएगा। दूसरा मैच 1 मई को रायपुर ब्लू के मध्य खेला जाएगा। तीसरा मैच कोरबा के मध्य 6 मई को दल्लीरझरा में खेला जाएगा, और अंतिम मैच राजनांदगांव के मध्य 11 मई को भिलाई में खेला जाएगा। सभी खिलाड़ी आज भिलाई में रवाना हुए ।



## बेसबॉल में 5 खिलाड़ियों ने रजत जीता

नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों ने 16 से 22 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर-14 एवं अंडर-17 बेसबॉल टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चारों वर्गों ने रजत पदक जीता है। सभी टीमों ने अपने-अपने पूल में टॉप करते हुए क्वार्टर फाइनल और सेमी फाइनल तक का सफर तय किया और कड़े मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैचों में दिल्ली के खिलाफ रजत पदक में संतुष्ट हुए। इस प्रतियोगिता में नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 14 वर्ग बालक में दीपक कुमार, हर्ष देवांगन, प्रियांशु राज एवं बालिका वर्ग में शालू नेताम तथा 17 वर्ग में बालक में आयुष कुमार सेन ने रजत पदक जीतकर अपने जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया। उनके इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चावला, प्राचार्या रश्मि सिरिया, उप प्राचार्या स्वप्निता साहू एवं प्रधान पाठिका गीतिका सैमुअल और सभी शिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।



साफ नीयत, इरादे अटल,
जन-जन को किया आपने सम्बल स्वास्थ्य,
शिक्षा, रोजगार या नारी सम्मान सभी में
आपने दिया अतुलनीय योगदान
राज्य के छोटे-बड़े मुद्दों को दी बुलंद आवाज़
सबके प्रति प्रेम, निष्ठा, समर्पण और
सलरता आपका अंदाज़।
स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल
सबके मयारू, जन-जन के नेता, लोकप्रिय विधायक कोटा
आदरणीय अटल श्रीवास्तव जी
आप ला जनमदिन के गाड़ा-गाड़ा बधाई
अउ शुभकामनाएँ!
कोटा ब्लॉक
रतनपुर ब्लॉक
बेलगहना ब्लॉक
गौरेला ब्लॉक
अरूण त्रिवेदी
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
कोटा
सुभाष अग्रवाल
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
रतनपुर
अश्वनी उद्देश्य
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
बेलगहना
बलबीर सिंह करसायल
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
गौरेला
सदैव आपका
अटल श्रीवास्तव
विधायक - कोटा
विनीत: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कोटा
AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**

### एयू में प्री-पीएचडी परीक्षा के लिए 2751 आवेदन



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी के लिए 27 सौ 51 आवेदन आनलाइन जमा हुए हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी के लिए चार बार आवेदन की तिथि बढ़ाई गई थी। वहीं 23 विषयों में पीएचडी की 461 सीटें हैं। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा इस बार प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा फार्म की तिथि चार बार बढ़ाई है और 20 अप्रैल आखिरी तिथि थी। इस तरह प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी के पास आनलाइन 27 सौ 51 आवेदन आए हैं। इससे पहले दो बार आनलाइन फार्म भरने की तिथि समाप्त होने के बाद यूनिवर्सिटी ने तीन और नए विषयों को पीएचडी में शामिल किया। इनमें गृह विज्ञान 4 सीट, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी 4 सीट और हॉटल मैनेजमेंट एंड हास्पिटेलिटी 4 सीट शामिल है। इस तरह पीएचडी के विषयों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है और सीटों की संख्या भी बढ़कर 461 हो गई है। यूनिवर्सिटी की ओर से प्री-पीएचडी आनलाइन आवेदन का शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 हजार रुपए रखा गया था। यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए 23 जनवरी से आनलाइन आवेदन भराने की शुरूआत की गई थी। इसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी रखी गई थी, किन्तु पहली बार आवेदन की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई गई और उसके बाद दूसरी बार 7 मार्च तक तथा तीसरी बार 31 मार्च तक प्री-पीएचडी के लिए आनलाइन आवेदन जमा कराए गए।

**पालिटिक्स प्लस**

### अरविन्द बनाए गए पंजाब विस चुनाव के लिए बूथ कोआर्डिनेटर

**बिलासपुर।** पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शुक्ला पंजाब विधान सभा चुनाव के लिए बूथ मैनेजमेंट



कोआर्डिनेटर बनाए गए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पंजाब के प्रभारी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिस्ट जारी की है। इस सूची में शुक्ला के अलावा निर्मल कोसरे, उधोराम वर्मा, अंकित बागबहरा, तैय्यब हुसैन, सलीम रज़ा उस्मानी शामिल किए गए हैं।

अधूरे एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकते एंब्रेरर जेट और बम्बार्डियर 400 विमान

# अंबिकापुर व जगदलपुर से भी छोटा है बिलासा एयरपोर्ट का रन वे

रनवे की लंबाई कम होने का कारण जमीन उपलब्ध नहीं होना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रनवे की लंबाई कम होने के कारण बिलासा एयरपोर्ट को कमतर आंका जाता है, जबकि इसके विपरित अंबिकापुर और जगदलपुर एयरपोर्ट के रन वे की लंबाई ज्यादा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने हवाई सुविधा विस्तार की सबसे बड़ी बाधा को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही है।

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई वर्तमान 1490 मीटर से बढ़कर काम से कम 2200 मीटर किया जाना है। यह रन वे अंबिकापुर एयरपोर्ट के रनवे 1920 मीटर और जगदलपुर एयरपोर्ट के रनवे 1707 मीटर से भी छोटा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि बिलासा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई कम होने का मुख्य कारण जमीन की उपलब्ध नहीं होना है, लेकिन अब यह दुविधा भी खत्म हो चुकी है।



■ 1 मई को हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति श्रमदान कर रन वे विस्तार का कार्य करेगी

अंबिकापुर एयरपोर्ट, जगदलपुर एयरपोर्ट 3सी श्रेणी का एयरपोर्ट है और क्रमशः 430 और 217 मीटर बड़ा रन वे है। यही कारण है कि कई एयरलाइन कंपनियां विमान सेवा देने में असमर्थ है। सदस्यों ने बताया कि स्टार एयरवेज के 55 और 75 सीटर अंब्रेरर जेट विमान या स्पाइसजेट कंपनी के बम्बार्डियर कंपनी के 80 सीटर क्यू400 विमान बिलासा एयरपोर्ट पर उतर नहीं सकते है। यही कारण है कि अलायंस एयर के सहारे ही उड़ान की सुविधा मिल रही है, और इनके एटीआर 72 सीटर विमार भी 40 डिग्री के तापमान में 52 सवारी लेकर उड़ती है।

बिलासा एयरपोर्ट पर 2200 मीटर रनवे करने में 70 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। ऐसे में मजदूर दिवस के अवसर पर आगामी 1 मई को हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति श्रमदान करके प्रतीकात्मक रूप से रन वे विस्तार का कार्य करेगी। वहीं रविवार की सुबह 8.30 बजे समिति जमीन का मौका मुआयना करेगी। शनिवार को पूर्व महापौर राम शरण यादव, रेलवे यूनियन सदस्य रवि बनर्जी ,बद्री यादव, शिशिर कश्यप,दीपक कश्यप, समीर अहमद, महेश दुबे, देवेंद्र सिंह ठाकुर, मजहर खान, किशोर घोर, राशिद बख्श, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने की षष्ठी पूजन



**बिलासपुर।** श्री परशुराम सेवादार समिति की ओर से भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर षष्ठी कार्यक्रम नूतन चौक स्थित स्फटिकेश्वर शिव मंदिर में किया गया। जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह रुद्राभिषेक और हवन-पूजन से शुरुआत शनिवार सुबह भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद हवन-पूजन और विशेष आराधना के साथ पूरे परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को सुंदरकांड और महाआरती की गई। शाम होते ही धार्मिक आयोजन का क्रम और अधिक भव्य हो गया। सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस दौरान भोग-भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाज के ज्ञान अवस्थी, विजय पाण्डेय, प्रदीप शुक्ला, राजेश पाण्डेय, सुदेश दुबे, गुड्डा पाण्डेय, अतुल दुबे, श्याम मोहन दुबे, सिद्धांशु मिश्रा, गौरव तिवारी, अमित तिवारी, सुरेश पाण्डेय, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, अंचल दुबे, राजेश शुक्ला, प्रफुल्ल तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, भानू शास्त्री, गुड्डा मिश्रा, सक्ति सिंह ठाकुर, पिंकू अवस्थी, अभिषेक मिश्रा, राजा अवस्थी, राजेंद्र दीक्षित, मनोज शुक्ला, सिद्धांत दुबे, देवांश अवस्थी, दिनेश वाजपेई अंचल दुबे, आदित्य शर्मा, पंडित दुर्गेश महाराज आदि मौजूद थे।

## अमर ने किया जन समस्या निवारण शिविर का शुभारंभ

**बिलासपुर।** लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का शुभारंभ विधायक अमर अग्रवाल ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 123 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने शिविर में श्रम विभाग की दो योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए तथा राजस्व विभाग की ओर से तीन किसानों को किसान किताब प्रदान कर लाभान्वित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं विद्युत विभाग से संबंधित लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 1 मई से सुशासन शिविरों की श्रृंखला प्रारंभ होगी, जिससे अधिकाधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने इसे जनहितकारी पहल बताया। शिविर में आरटीओ विभाग द्वारा 4 लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए, वहीं राजस्व विभाग ने डेढ़ दर्जन से अधिक प्रमाण पत्र बनाकर वितरित किए। श्रम विभाग द्वारा 3 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में महापौर पूजा विधानी, निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जनपद पंचायत बिल्हा उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। एसडीएम मनीष साहू के मार्गदर्शन में शिविर का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।



### अभाविप ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में भगवान श्रीराम, भगवान परशुराम एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को अभाविप इकाई के कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर दोषी छात्रों के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले पर अभाविप जीजीयू इकाई उपाध्यक्ष हिमांशु शेखर प्रधान ने कहा कि आराध्य देवों और राष्ट्रनिर्माता महापुरुषों का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से ऐसी कार्रवाई करने की मांग की, जो भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाए। मामले की जीजीयू इकाई मंत्री प्रसून पाठक, सह मंत्री शाश्वत शुक्ल ने इसकी जमकर निंदा की। उन्होंने कहा कि चूंकि सेमेस्टर परीक्षा चल रही है तो उन छात्रों को परीक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान विवि इकाई पीयूष तिवारी, राहुल चौहान, नवीन राव, आयुष्मान के साथ और भी छात्र मौजूद रहे।

## पेटीएम पर कार्रवाई: कैट ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया

**बिलासपुर।** व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने आरबीआई द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द करने के निर्णय का स्वागत किया है।

कैट ने कहा कि यह कार्रवाई उन करोड़ों भारतीयों की मेहनत की कमाई की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, जिन्होंने इस संस्था पर विश्वास कर अपना धन जमा किया था। कैट के जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कहा कि आरबीआई का यह निर्णय बार-बार नियामकीय नियमों की अनदेखी, प्रबंधन संबंधी विफलताओं तथा आरबीआई के निर्देशों की अवहेलना की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग गतिविधियों पर बड़े प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन चेतावनियों और सुधार के अवसरों के बावजूद संस्था आवश्यक सुधार करने में विफल रही, जिसके परिणामस्वरूप यह कार्रवाई करनी पड़ी। जमाकर्ताओं को लेकर आरबीआई द्वारा दी गई इस आश्वासन की सराहना की कि उनका धन सुरक्षित है और नियमानुसार उन्हें वापस मिलेगा। कैट ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि ऐसे उपभोक्ताओं और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सुचारु संक्रमण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा ने पेटीएम के प्लेटफॉर्म के माध्यम से वर्षों में एकत्र किए गए विशाल वित्तीय एवं उपभोक्ता डाटा के प्रबंधन, भंडारण तथा उसके स्थान को लेकर व्यापक जांच की मांग की है।




आप दीर्घायु हों !
कोटा विधानसभा के लाड़ले विधायक
मा. अटल श्रीवास्तव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकास ठाकुर
देव माली
राज यादव
बिलाल खान
:शुभेच्छु:
राज यादव न्यायधानी बिलासपुर एवं टीम अटल

## खबर संक्षेप

### सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल कोनी में लोकार्पण आज

**बिलासपुर।** अत्याधुनिक रक्त केंद्र माइक्रोबायोलाजी, हार्मोन लैब एवं एआई पावर्ड माइक्रोस्कोपी का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू 26 अप्रैल को सिम्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल कोनी में लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सीएम अरुण साव करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, मेयर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, राजा पाण्डेय, सुनील जैन, स्वपन कुमार मंडल होंगे।

### नर्सरी के बच्चे को कुत्ते ने काटा



**बिलासपुर।** स्कूल की छुट्टी के बाद घर के बाहर खेल रहे नर्सरी के बच्चे को कुत्ते ने नोंच दिया। घटना देवरीखुर्द क्षेत्र की है, स्थानीय निवासी भूषण साहू व उनकी पत्नि मजदूरी का काम करते हैं, सुबह दोनों काम में गए थे, इस दौरान उनका बेटा घर में था। स्कूल की छुट्टी होने के कारण बाहर सड़क पर खेल रहा था, मोहल्ले के ही कुत्ते ने उसे पूरी तरह से नोंच दिया, जिससे बच्चा घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है।

### अकलतरा जा रहा युवक हादसे का हुआ शिकार

**बिलासपुर।** काम की तलाश में बिलासपुर से अकलतरा जा रहे युवक की ट्रेन से गिर गया, इस दौरान लोकल ट्रेन की चपेट में आने के कारण उसका एक पैर कट गया है। गंभीर हालत में युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक है। घटना जांजगीर जिले के अंतर्गत कोटमी सुनार की है। बिलासपुर के मोपका गोड़पारा में रहने वाला बजरंग कश्यप पिता मुनीराम कश्यप कई दिनों से काम की तलाश में था। वह गुरूवार को काम के लिए अकलतरा गया था। इस दौरान लोकल ट्रेन से कोटमी सुनार के पास वह हादसे का शिकार हो गया, जिसे जीआरपी के पुलिसकर्मियों ने जांजगीर में भर्ती कराया, लेकिन उसकी हालत नाजुक होते ही शनिवार को सिम्स रिफर कर दिया गया है। युवक का इलाज सिम्स में जारी है।

### पत्नी ने की खुदकुशी पति पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आए दिन की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि मन्नाडोल निवासी शिखा ठाकुर का पति सुरेन्द्र सिंह आए दिन शराब पीकर घर आता था और मारपीट करता था। मारपीट करने से प्रताड़ित होकर शिखा ठाकुर ने 27 अगस्त 2025 को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने पति सुरेन्द्र सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना

सड़क चौड़ीकरण और डामरीकरण के लिए 1.84 करोड़ रुपए का टेंडर किया गया

# जाम से मिलेगी मुक्ति, देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक की सड़क होगी 80 फीट चौड़ी

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र अब पूरी तरह जाम के गिरफ्त में आ गया है। खास तौर पर महामाया चौक से रामसेतु चौक और उसके बाद देवकीनंदन चौक तक गाड़ियों की कतार हमेशा देखी जा सकती है।

अब इस सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क को पूरी तरह डामरीकरण होगा। अब देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक 1.30 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और डामरीकरण के लिए 1.84 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। इसका टेंडर भी कर दिया गया है। यह कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है और सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है। कहा जा रहा है कि सड़क 80 फिट की होगी और दोनों तरफ नालियां भी बनाईं जाएंगी। इसके दायरे में आने वाले कब्जे भी हटाए जाएंगे। शहर का महामाया चौक एक अत्यंत व्यस्त और व्यावसायिक क्षेत्र है, जहाँ



भारी ट्रैफिक और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। रतनपुर रोड पर स्थित यह चौक शहर का प्रमुख जंक्शन है, जहाँ आम दिनों में भी लंबी वाहनों की कतारें देखी जा सकती हैं।

व्यस्त इलाके होने के कारण, अक्सर सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग या अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। इससे आगे बढ़ने पर रामसेतू चौक पर जाम मिलता है। इसके साथ ही सड़कें संकरी होने के कारण अधिक परेशानी होती है। सड़कों पर गड्ढे भी बहुत है। सड़क को बनाने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। अब इसका टेंडर कर दिया गया है।

### राम सेतु में अब अधिक हो रही परेशानी

सरकंडा महामाया चौक और रामसेतू चौक में चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों के 30-30 सेकेंड का पीक ऑवर यानि ड्यूरेशन टाइम सेट है। यातायात का दबाव मुख्य रूप से इंदिरा सेतु और सीपत चौक से आने वाले लोगों का अधिक रहता है। जबकि पुराना सरकंडा मार्ग से आने और सीपत चौक की ओर जाने वालों के लिए भी रेड सिग्नल बाध्यता है। यानि सीपत चौक की ओर जाने वालों को जब तक सिग्नल ग्रीन नही होता तक तक चौक पर खड़ा होना पड़ता है। यहां के लेफ्ट टर्न तो जैसे है ही नहीं।

### अधिकांश चौराहों में जगह ही नहीं

शहर में कई सड़कों पर जाम लगने लगा है। ऐसा सुबह या शाम के वक्त देखा जा रहा। कई मुख्य प्वाइंट से ट्रैफिक पुलिस नदारद होती है। इसका खामियाज आम लोगों को भुगतान पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी फिलहाल अरपा पार में है। हर चौक में गाड़ियां फंस रही हैं। कई चौकों में तो जगह ही नहीं है। सरकंडा इलाके में जाम की समस्या से निपटने के लिए अरपा के पुराने पुल से लगे हुए टू लेन पुल का निर्माण किया गया है। इसके बाद भी इंदिरा सेतु पुल में जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है।

### 4 किमी का सफर एक घंटे में तय हो रहा

देखा जाए तो अरपा पार सरकंडा का क्षेत्र अब नया जाम जोन बनता जा रहा है। एक समय ट्रैफिक के लिहाज से स्मूथ इस क्षेत्र में अब वाहनों की भीड़ हो गई है। जिला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस कोशिश कर रहे हैं लेकिन फिलहाल कोई रास्ता नहीं निकल रहा है। हाल यह है कि महामाया चौक से राजकिशोरनगर चौक तक 4 किमी की यात्रा तय करने में लोगों को एक घंटे से अधिक का समय लग रहा है। किसी चौक पर जाम लग गया तो तब तो स्थिति और खराब हो जाती है। खास तौर पर शाम को महामाया चौक, रामसेतू चौक, अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में तो जाम लगना तय है।

### कर दिया गया है टेंडर

महामाया चौक से रामसेतु चौक और उसके बाद देवकीनंदन चौक तक जाम लगने की शिकायत रही है।यहां की सड़कों को चौड़ी करने के साथ ही डामरीकरण किया जाएगा। इसके लिए 1.84 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। इसका टेंडर भी कर दिया गया है। यह कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है और सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

मेरठ से चोरी करने शहर आए थे आरोपी

# 20 दिन कैम्प कर पुलिस ने मेरठ से दो पेशेवर चोरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 दिन कैम्प कर पुलिस ने मेरठ से साकेत अपार्टमेंट में चोरी करने वाले दो पेशेवर चोरों को पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी गए जेवर बरामद किए गए हैं। दोनों चोर मेरठ से चोरी की बाइक से शहर आए थे।



28 सितंबर 2025 को साकेत अपार्टमेंट के फ्लैट नम्बर एल 201 एवं बी 15 रियल हेवन के एक फ्लैट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। एक मकान से रूबी के हार व कीमती सोने के जेवर की चोरी हुई थी। दूसरे दिन एसएसपी रजनेश सिंह ने दोनों मकानों का मुआयना करने के बाद सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को टीम बनाकर चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया गया। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पूर्व में दो तीन बार पुलिस की टीम दिल्ली गई थी, किन्तु तीनों बार टीम बैरंग लौट आई थी। श्री परिहार लगातार संदिग्धों की पतासाजी करने तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर रहे थे। इस बार साक्ष्य एकत्रित होने पर पुलिस की टीम को दिल्ली मेरठ भेजा गया। टीम 20 दिन से कैम्प कर दिल्ली मेरठ में चोरों की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान कई पुलिसकर्मी बदले गए। भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने शातिर चोर मेरठ निवासी ताज मोहम्मद पिता इलियास मोहम्मद व उसके साथी को पकड़ लिया है। दोनों को ट्रांजिट रिमांड में शहर लाया जा रहा है। आरोपियों के कब्जे से कुछ सोने के जेवर बरामद किए गए हैं।

#### चोरी की बाइक से आए थे शहर

पेशेवर दोनों चोर मेरठ में बाइक चोरी करने के बाद उसी बाइक से बिलासपुर आए। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद कीमती जेवर लेकर एक युवक ट्रेन से दिल्ली गया और दूसरा उसी बाइक से सड़क मार्ग होते हुए दिल्ली गया था। दिल्ली से बिलासपुर आते समय रास्ते में दोनों ने कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

#### सरगना के खिलाफ 47 मामले दर्ज

एएसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया, मुख्य आरोपी ताज मोहम्मद कुख्यात व शातिर प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों के अलग अलग थानों में चोरी एवं लूट के 47 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

#### खरीददार तिहाड़ जेल में

बताया जाता है दोनों युवक यहां से चोरी करने के बाद दिल्ली गए और कीमती जेवरों को बेच दिया था। खबर है कि वर्तमान में खरीददार किसी मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। बहरहाल दोनों चोरों के शहर आने पर पूछताछ के बाद मामले का खुलासा होगा।



## शहरवासियों के लिए उपयोगी है सिटीलुकः एसएसपी



**बिलासपुर।** शनिवार को गौरवपथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में एसएसपी रजनेश सिंह को हरिभूमि के प्रकाशन 'सिटी लुक' की प्रतियाँ सौंपी गईं। श्री सिंह ने कहा कि शहर की पूरी तस्वीर इस मैप में दर्शायी गई है जो आमजन के लिए उपयोगी है। पुलिसकर्मियों, ट्रैफिक कर्मियों के लिए भी यह उपयोगी साबित होगा। श्री सिंह ने कहा कि शहर के यातायात को व्यवस्थित बनाने की दिशा में वृहद प्लान तैयार किया गया है, जिस पर काम किया जा रहा है। भविष्य में बिलासपुर विकसित और व्यवस्थित शहर बनेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, एजीएम, मार्केटिंग, अरुण ज्योतिषी सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## गंभीर अपराधों में संलिप्त 250 आरोपी पुलिस के रडार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गंभीर अपराध में संलिप्त 250 नए आरोपी पुलिस की रडार पर हैं। पुलिस इन अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगाह रख रही है। इसी तरह 80 अपराधियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध और सख्त कार्रवाई प्रारंभ की गई है। यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि अपराधियों के संपूर्ण नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक सुनियोजित एवं कठोर पहल है। अभियान में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में ऐसे 250 आदतन अपराधियों को चिन्हित किया गया है, जो पूर्व में अवैध हथियार देशी कट्टा, पिस्टल, एवं मारपीट के गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं, जिनके विरूद्ध पिछले एक साल में थानों में शिकायत प्राप्त हुई है। इन सभी पर सतत निगरानी रखते हुए उनके ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। उनकी प्रत्येक गतिविधियों का सूक्ष्म विश्लेषण किया जा रहा है। जांच में ऐसे अपराधियों की भी सूची तैयार की गई है, जो पूर्व में संगठित अपराधिक गिरोह जैसे खनिज माफिया, ड्रग माफिया, भू माफिया, शराब तस्करी गिरोह में शामिल थे। पुनः उनके गतिविधियोंकी जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों एवं अवैध हथियार रखने वाले 80 अपराधियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट व बीएनएस की धाराओं के कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। समय समय पर अपराधियों की नकेल कसने के लिए पुलिस यह अभियान चलाती रहेगी, जिससे कि जिले में कोई भी सामाजिक तत्व अपराध करके बच ना पाए। समस्त चिन्हित अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर उनके खिलाफ सामान्य कानूनी कार्रवाई नहीं बल्कि उनकी संगठित अपराध गिरोह में रहकर अपराधी गतिविधियों से एकत्र की गई संपत्ति भी जब्त की जाएगी।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने पति-पत्नी के साथ की मारपीट

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने पति पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी है। गंभीर रूप से घायल पति को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा प्रभात चौक निवासी सनत सारथी पिता लक्ष्मण सारथी 24 अप्रैल की रात 12 बजे खाना खाकर घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान विक्की अहिरवार अपने साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करने लगा। उसकी पत्नी रेखा व मोहल्ले के बेदू विश्वकर्मा, सोनी सिंह ठाकुर, तिलकदास मानिकपुरी आए तो उनके साथ भी जमकर मारपीट की गई है। गंभीर रूप से घायल सनत सारथी को इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सनत सारथी की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लिवइन में बच्चे होने के बाद शादी से इनकार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लिवइन में रहने के दौरान 5 माह का बच्चा हो गया। उसके बाद युवक ने युवती से शादी करने से इनकर कर दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ग्राम अमने निवासी विरेन्द्र यादव पिता बालाराम यादव के साथ प्रेम संबंध होने पर लिवइन में दोनों साथ में पति-पत्नी की तरह रहने लगे। इस दौरान दोनों का पांच माह का बच्चा हो गया। युवती ने शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर विरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जनगणना कर्मचारी 1 से घर घर करेंगे सर्वे

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के संबंध में बताया कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जिससे विकास योजनाओं की सटीक रूपरेखा तैयार हो सके। श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य घर-घर जाकर किया जाएगा। स्व-गणना पूरी तरह ऐच्छिक है, जिसमें नागरिक ऑनलाइन पोर्टल से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने पर एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के साथ साझा करना होगा। यदि कोई व्यक्ति स्व-गणना नहीं करता है, तो भी प्रगणक निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे।

## हाइवा से कुचलकर मासूम बच्चे की मौत

**बिलासपुर।** बेलगाम हाइवा से कुचलकर एक मासूम बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि यूपी बांधा निवासी सुरेश शुक्ला अपने परिवार के साथ अपने भाई चिस्दा निवासी कमलेश शुक्ला के घर आए थे। एक घण्टा बाद उनका 5 साल का बेटा सतीश दुकान जा रहा था। सड़क पार करते समय बेलगाम हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीयू,8567 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बच्चे को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन की



ओर से 25 हजार रुपए सहायता राशि देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आर्ट आफ लिविंग का सोमनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन आज

**बिलासपुर।** आर्ट आफ लिविंग का सोमनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन 26 अप्रैल को निःशुक्त कर सकते हैं। यह कार्यक्रम श्री खाटू श्याम मंदिर ज्वाली नाला जूना के पास आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। इसमें रुद्र पूजा एवं महाससत्संग के साथ ही यह केवल एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि एक अदभुत आध्यात्मिक अनुभूति है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## मॉल में शापिंग करने गई महिला के गले से सोने का हार पार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 36 सिटी मॉल में शापिंग करने गई महिला के गले से चोरों ने सोने का हार पार कर दिया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कोरबा जमनीपाली एनटीपीसी कालोनी कावेरी विहार निवासी मीनाक्षी सिंह पति मुकेश कुमार सिंह 19 अप्रैल को अपने परिवार के साथ मंगला शिक्षक कालोनी आई थीं। 21 अप्रैल की रात 9 बजे वे अपने पति के साथ 36 सिटी मॉल शापिंग करने गई थीं। मॉल स्थित फैशन सिटी दुकान से कपड़े खरीदने के बाद 9.30 बजे सीढ़ियों से नीचे उतरीं और सुरक्षा गार्ड से बिल चेक कराने के बाद रैम्प से अपनी गाड़ी ओर जा रही थीं। इसी दौरान उन्हें गले में हाथ लगाने पर जानकारी हुई 75 ग्राम वजनी सोने का हार चोरी हो गया था। उन्होंने मॉल परिसर और आसपास में तलाश की किन्तु हार नहीं मिला। चोरी गए हार की कीमत 4 लाख 95 हजार रुपए बताई जा रही है। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने मे दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाल ली रकम

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी उषा राठौर पति स्व. मनीलाल राठौर ने 23 अप्रैल को शाम 4.30 बजे मुंगेली नाका लूथरा हास्पिटल रोड स्थित एमटीम से 10 हजार रुपए निकाला। कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान पीछे खड़े दो युवकों ने मदद करने के बहाने कार्ड निकालकर देने के दौरान बदलकर दूसरा कार्ड थमा दिया। उसके बाद उनके कार्ड से सरकण्डा के एटीएम से 3 बार में 30 हजार रुपए निकालकर उनके एटीएम को ब्लाक कर दिया गया है। एटीएम से पैसा निकलने का मैसेज आने पर उन्हें जानकारी हुई। पुलिस ने उनके रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

खबर संक्षेप

## कुपोषित बच्चों को नई जिंदगी दे रहा पोषण पुनर्वास केंद्र



**मुंगेली।** जिले के 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र आज कुपोषित बच्चों के लिए नई जिंदगी का आधार बनता जा रहा है। लगभग 15 वर्षों से निरंतर कार्यरत इस केंद्र ने अब तक हजारों बच्चों को कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकालकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर किया है। जिला चिकित्सालय में संचालित 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र में अब तक करीब 2000 से अधिक बच्चों का उपचार किया जा चुका है। इनमें से लगभग 1 हजार 800 बच्चों को कुपोषण की श्रेणी से निकालकर सुपोषित बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 219 बच्चों को भर्ती किया गया, जिनमें से 182 बच्चे उपचार के बाद सुपोषित श्रेणी में आ चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता को दर्शाती है, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ने का भी संकेत है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि पोषण पुनर्वास केंद्र की विशेषता यह है कि, यहां उपचार के साथ–साथ बच्चों के समग्र विकास पर भी ध्यान दिया जाता है।

## फुटकर खाद विक्रेता संघ के महामंत्री बने गुंबर



**मुंगेली।** फुटकर खाद विक्रेता संघ के मनेंद्र सिंह गुंबर को महामंत्री बनाया गया है। रासायनिक खाद के समर्थन मूल्य में न मिलने के विरोध में फुटकर खाद विक्रेता संघ द्वारा जिले के समस्त फुटकर विक्रेताओं की बैठक सिंधु पैलेस में रखी गई थी। बैठक में खाद के बिक्री एवं खरीदी में हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई तथा जब तक समाधान नहीं हो पाता तब तक जिले के कोई भी विक्रेता खाद की खरीदी नहीं करेंगे। इस दौरान खाद विक्रेताओं के पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। जिसमें मुंगेली के प्रताप राय राजेश, खपरी कला के शैलेंद्र केसरवानी, पौनी के अनुराग सिंह ठाकुर एवं सेतगंगा के भागीरथी सिंह ठाकुर को संरक्षक तथा लोरमी के हरेंद्र चंद्राकर को अध्यक्ष की जवाबदारी दी गई है तथा मुंगेली के मनेंद्र सिंह गुंबर को महामंत्री तथा सजल गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं राजा राजेश तथा पथरिया के विष्णु साहू एवं देवरहट के द्वारका कश्यप को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सेतगंगा के मुकेश साहू को मंत्री एवं विनोद चंद्राकर रुपेश गबेल, शरद जायसवाल को कार्यकारिणी में लिया गया है।

## लकी ड्रॉ में किसान ने जीता बंपर इनाम



**तखतपुर।** साहू कृषि केंद्र राजपुर के द्वारा किसान जागरूकता सम्मेलन लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें 500 किसानों ने भाग लिया। सभी किसानों को खेती संबंधित जानकारी दी गई, साथ सभी किसानों को इनाम भी दिया गया। लकी ड्रॉ कार्यक्रम की खास बात यह रही कि, इसका आयोजन बस्ती में किया गया, जिसमें पहला इनाम एचएफ डीलक्स विनोद बंजारे, दूसरा इनाम टीवी भागवत जांगड़े, तीसरा इनाम वाशिंग मशीन मोनू तिवारी व चौथा इनाम सोफा सुनील साहू को मिला। इसी प्रकार 121 प्रकार के इनामों का वितरण किया गया एवं सभी किसानों के बीच किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र प्रताप कौशिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने में कंपनी आईसीसी, भारत मॉलेक्युलिस मैनकाइंड की भूमिका रही। साहू कृषि केंद्र के प्रोपराइटर रूपेंद्र कुमार साहू राजपुर ने आयोजन संपन्न कराया।

## मेडिकल टीम ने मनाया विश्व मलेरिया दिवस

**लोरमी।** खंड चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल टीम द्वारा 50 बिस्तर शासकीय अस्पताल में शनिवार 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। मलेरिया मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रभावित करती है। खासकर संक्रमित मच्छरों को काटने से फैलने वाली परजीवियों के कारण होने वाली इस बीमारियों का यदि सही समय में पहचान कर के इलाज ना किया जाए, तो गंभीर जटिलताओं का कारण बन जाती है। जागरूकता बढ़ाने एवं रोकथाम प्रयासों को मजबूत करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व मलेरिया दिवस की स्थापना की, जो हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाता है। लोरमी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ का कहना है कि, आप हम सब मिलकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान देवें और समय-समय पर बीपी शुगर एवं जांच और दूसरों को भी जांच के लिए प्रेरित करें। क्योंकि हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तो हम निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। इस मौके पर मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत सचिव मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, दीपक साहू, तीर्थम साहू, जितेंद्र राजपूत, राजाराम कश्यप, सतीश देवांगन सहित स्टाफ के अन्य सजस्य उपस्थित थे।

# मरवाही में जलसंकट, बूंद-बूंद को तरस रहे वार्ड वासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

अलग खबर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 और 14 यानी कुम्हारी मोहल्ले में भीषण गर्मी के बीच पेयजल की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। आलम यह है कि, यहां के निवासियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। करोड़ों की लागत से संचालित 'जल जीवन मिशन' योजना धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासी अजय नामदेव ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि, उन्हें घरेलू उपयोग के लिए पानी अपने बड़े भाई के घर या खेतों से ढोकर लाना पड़ रहा है, वहीं धीरेंद्र उपाध्याय का कहना है कि, तकनीकी खामियों और गलत वाल्व फिटिंग के कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत जो कनेक्शन दिए हैं, उनमें टोंटियां तक नहीं हैं, और पूरा ढांचा तहस-नहस हो चुका है।

- करोड़ों की जल जीवन मिशन योजना के दावों की खुली पोल





### वार्डवासियों में नाराजगी

इस गंभीर स्थिति पर नगर पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। वार्डवासियों का कहना है कि, नगर पंचायत पानी के बिल भेजने में तो पूरी तत्परता दिखाती है, लेकिन जब आपूर्ति की बारी आती है तो हाथ खींच लिए जाते हैं। मामले में प्रभारी सीएमओ अमल दीप मिंज का कहना है कि, वे अभी 10 दिन पहले ही प्रभार में आए हैं और कुम्हारी में बोर कराने की प्रक्रिया पाइपलाइन में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि, एग्रीमेंट होते ही सबसे पहले यहीं बोर कराया जाएगा, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि, जल जीवन मिशन के कार्य अब तक नगर पंचायत को हैंडओवर नहीं किए गए हैं। दूसरी ओर, पीएचई विभाग के ईई एस सोनवानी ने इस पूरे मामले पर कार्यालय आकर जानकारी लेने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया है।

### मामले ने पकड़ा राजनीतिक तूल

पेयजल के इस संकट ने अब राजनीतिक तूल भी पकड़ लिया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की पूर्व महासचिव ऋतु पन्द्राम ने इसे सरकार और प्रशासन की विफलता करार देते हुए कहा कि, नगर पंचायत बनने के बाद सुविधाएं बढ़ने के बजाय जनता को छलावा मिला है और उनकी पार्टी इस मुद्दे पर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता वीरेंद्र बघेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि, जल जीवन मिशन के नाम पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए, लेकिन जनता आज भी प्यासी है। फिलहाल अधिकारियों के आश्वासनों और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच कुम्हारी की जनता इस तपती गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करने को मजबूर है।

### दफ्तर में मिलेगी जानकारी

कुम्हारी में जल जीवन मिशन के कार्य के संबंध में जो भी जानकारी चाहिए वो कार्यालय आकर ले लीजिए।

-**एस सोनवानी**, ईई, पीएचई

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, आरोपी चालक गिरफ्तार

# सड़क किनारे खेल रहे 4 साल के मासूम को हाइवा ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



पचपेड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ग्राम चिस्दा में सड़क किनारे खेल रहे 4 वर्षीय मासूम सतीश शुक्ला पिता सुरेश शुक्ला को तेज रफ्तार हाइवा ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना लगभग दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, पचपेड़ी से जोंधरा की ओर जा रही हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीयू 8567 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, बच्चा हाइवा के पहियों के नीचे आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, हालांकि पुलिस ने उसे पास ही से गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने मस्तूरी-जोंधरा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची पचपेड़ी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। बताया गया कि मृतक मासूम सतीश शुक्ला का परिवार उत्तरप्रदेश के बांदा जिले का निवासी है, जो शनिवार को ही अपने बड़े पिता के यहां आया था। घटना के बाद शासन की ओर से तत्काल 25 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की गई, जिसमें से 8 हजार रुपये मौके पर ही प्रदान किए गए। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के बाद गृहग्राम भेजने की व्यवस्था करने और दुर्घटना स्थल पर स्पीड ब्रेकर बनाने का आश्वासन भी दिया गया। मौके पर पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह, तहसीलदार नीलम पिस्दा, एसडीओपी लाल चंद मोहले, मस्तूरी थाना प्रभारी कृष्णचन्द्र सिदार, मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर शिक्षक की मौत



**लोरमी।** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार शिक्षक को कुचला दिया, जिससे मौके पर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटकारित ट्रक को जब्त कर जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 6.30 बजे ग्राम घटना ग्राम झापड़ पुलिया मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 4024 के चालक में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सीजी 28 एस 7069 पर सवार शिक्षक ग्राम तिलकपुर निवासी अजीत डाहीरे 54 वर्ष पिता अमृत दास डाहिरे को चपेट में ले लिया। घटना इनती भयानक थी कि, शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसारस शिक्षक तिलकपुर से बैगाकापा जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही वे हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर दुर्घटकारित वाहन को जब्त किया एवं शव का पंचनामा व पीएम कराने के बाद परिजनों सौप दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## तखतपुर ब्लॉक व नगर कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन

**तखतपुर।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने संगठन को मजबूत करने एवं कांग्रेस की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने तखतपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन किया।

नवगठित कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष भोलू सिंगरौल उपाध्यक्ष आदर्श बंजारे, छत्रपाल सिरसो, अशोक पाठक, रामस्वरूप कश्यप, शंकर सिंह, हेमंत कश्यप, महामंत्री मनोज साहू, रिखी राम बंजारे, मानसी यादव, तुषार पाठक, स्वारथ मरावी, अजमेर खान, राधेश्याम जोगीवंश, नीलकमल श्रीवास, सचिव अजय पटेल, संतराम कैवर्ट, बलदेव पाल, उमाशंकर यादव, बालादीन लहरे, बिसाहू राम कौशिक, ताराचंद यादव, गौतम मरावी, परमेश्वर सिंगरौल, कल्याणी जायसवाल कार्यकारिणी सदस्य सुनील यादव, विक्की कश्यप, ज्योति मानिकपुरी, हरपाल बंजारे, गोरे रजक, हरिशंकर खरे, सोशल मीडिया प्रभारी वैभव कौशिक, प्रदीप पाली, रवि रात्रे, विजय मानिकपुरी, संतोष पाल, लक्ष्मी बिरको को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।

- समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को दिया गया स्थान : तिवारी

### नगर कांग्रेस कमेटी का गठन

तखतपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई। नवगठित कार्यकारिणी के अनुसार कोषाध्यक्ष मुतफा वनक, उपाध्यक्ष राजेश बंजारे, आवेश जॉन, उमेश राजपूत, प्रदीप ताम्रकार, शहजादा खान, अजय ध्रुव महामंत्री राजू सिंह ठाकुर, दशरथ सेमर, राजवीर हुरा, सुनील जांगड़े, मनोज ठाकुर, ओमप्रकाश देवांगन, मिथलेश यादव सचिव दीपक ठाकुर, आशीष मसीह, राधे देवांगन, बिसाहू दास वैष्णव, संदीप पटेल, दीपक साहू, ललित सिंह ठाकुर, अरुण देवांगन, रवि यादव, दुर्गेश धुरी, प्रदीप लहरे, पवन पाण्डे, लक्ष्मण केंवट, बृजमोहन देवांगन, दयासागर देवांगन, अमित सिंगरौल, दीपक सिंह ठाकुर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।

## मकान सूचीकरण एवं आवास गणना प्रशिक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना हेतु जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से 24 अप्रैल तक सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण समापन अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने लोरमी एवं लालपुर थाना क्षेत्र का दौरा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से जुड़े सभी बिंदुओं को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ समझने के निर्देश दिए।

## नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय में बैठक



**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के तत्वाधान में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में जिला न्यायालय परिसर मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का अधिक से अधिक संख्या में त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकाधिक प्रकरणों की पहचान कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में राजीव कुमार, प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय, राकेश कुमार सोम प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जसविन्दर कौर अजमानी मलिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कंचन लता आचला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीपक कुमार शर्मा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश मुंगेली, कुमारी नारायणी कच्छप, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, श्रेया तुलावी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, अतनु प्रसाद, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, टीकम चंद्राकर एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की मांग पर छोड़ा गया खुड़िया जलाशय से पानी



**लोरमी।** डिप्टी सीएम अरुण साव के अखरार कार्यक्रम के दौरान 23 अप्रैल को ग्रामीणों व किसानों ने निस्तारी के लिए खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ने की मांग श्री साव से की थी। मांग को देखते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था, कि जल्द ही सम्बंधित अधिकारी से चर्चा कर खुड़िया जलाशय से मनियारी नदी में पानी छोड़ा जाएगा। इसी क्रम में 25 अप्रैल को कलेक्टर के निर्देश पर सिंचाई विभाग के एसडीओ शंकर गेंदले के निर्देशन में खुड़िया जलाशय से आधा क्यूसेक मुख्य नहर के स्केप से मनियारी नदी पानी छोड़ा गया, जिसकी मात्रा प्रतिदिन बढ़ती जाएगी। जलाशय से पानी छोड़ने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम अरुण साव को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## माता कर्मा, राजिम जयंती व सामूहिक विवाह 29 को

**मुंगेली।** ग्राम बरदुली में भक्त माता कर्मा, राजिम जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल होंगे एवं अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। इसके अलावा अध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ डॉ निरेंद्र साहू, प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग थानेश्वर साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीकांत पांडे, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ तिलक राम साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संजीत बनर्जी सहित समाज के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 29 अप्रैल बुधवार को शाम 6 बजे चूलमाटी एवं तेल के साथ प्रारंभ होगा एवं 30 अप्रैल गुरुवार प्रात 7 बजे देवतला 8 बजे हरदियाही, 9 बजे बारात एवं दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन होगा। सुबह 10 बजे से सुप्रसिद्ध कलाकार अनुराग शर्मा स्टार रायपुर के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजक झालेश्वर साहू को बनाया गया है। यह कार्यक्रम जिला साहू संघ तहसील साहू संघ जरहागांव, परीक्षेत्रीय साहू संघ सहित समस्त पदाधिकारीगण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

## बूढ़ादेव स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए लहरिया



**मल्हार।** आदिवासी महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को मल्हार में बूढ़ादेव स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिपं सदस्य सतकली बावरे व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कौशल पांडेय, मंडल अध्यक्ष रघुराज पांडेय और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में आदिवासी समाज ने पारंपरिक श्रद्धा भाव के साथ ने अपने इष्ट देव बूढ़ादेव भगवान की स्थापना और पूजा की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में आदिवासी महिलाएं व समाज के वरिष्ठ लोग पारंपरिक मांदर की धुनों पर अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही आदिवासी भैना समाज के संरक्षक बनाने की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष राजाराम राजभानू ने की। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, आज आदिवासी समाज भैना समाज शिक्षा को बढ़ावा देने से मुख्यधारा में आगे बढ रहे हैं, शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है, जो पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक युग में सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भैना समाज अब शिक्षा के माध्यम से प्रगति की राह पर है और मल्हार में भैना समाज में कई ऐसे होनहार व्यक्ति हैं, जो शिक्षा के माध्यम से उच्च पदों पर हैं। विधायक ने आगे कहा, समाज के उत्थान को लेकर समाज के हर व्यक्ति को आना होगा, तभी समाज का विकास होगा। कार्यक्रम में भैना समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम भानू, क्षेत्रिय अध्यक्ष रमेशचंद श्याम, सेवानिवृत शिक्षक शेषनारायण गुप्ता, संजीव पांडेय, विधायक प्रतिनिधि लखन टंडन, टाकेश्वर नेताम, नपं अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, सुनिल पटेल, नीलेश कैवर्त, पार्षद सुजित राजभानू, रामफल कांत, मनराखन कैवर्त सहित आदिवासी समाज के वरिष्ठ महिला-पुरुष शामिल हुए।

### राज्यसभा सांसद संदीप पाठक हुए भाजपा में शामिल

# पाठक के पैतृक गांव में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के भाजपा में शामिल होने पर पैतृक गांव ग्राम बटहा में पिता शिवकुमार पाठक का भाजापाइयों ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। ग्रामीणों ने गांव में आतिशबाजी कर जश्न मनाया। श्री पाठक के पिता जनसंघ के जमाने से भाजपा के कर्मठ एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के बीजेपी में शामिल होने के बाद पैतृक गांव में उनके पिता का भाजापाइयों ने सम्मान किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संदीप पाठक ग्राम बटहा में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किया। दिल्ली में साफ्टवेयर इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहकर उसी दौरान पंजाब में आप के नेता अरविंद केजरीवाल के सम्पर्क में आए। आप के लिए उन्होंने पंजाब में सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। श्री पाइक के पिता शिवकुमार पाठक जनसंघ के कार्यकर्ता रहे हैं। 1994-95 में जरहगांव मंडल के अध्यक्ष रहे। आविभाजित बिलासपुर में जिला कार्य समिति सदस्य एवं मुंगेली जिला में जिला उपाध्यक्ष भी रहे। क्षेत्र के भगवताचार्य भी हैं। पुन्नू लाल मोहले एवं भाजपा नेता भानु गुप्ता के साथ कार्य किया। क्षेत्र में प्रभावशाली नेता के रूप उनकी अलग पहचान है। पुत्र के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद वे 3 वर्ष से भागवती कार्य में लगे रहते हैं। शिवकुमार पाठक ने कहा कि संदीप आप में था तो उन्होंने महासचिव पद पर रहते हुए पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। अब बीजेपी में शामिल होने पर घर एवं क्षेत्र के लोग खुशियां मना रहे हैं।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, दिनेश कश्यप, हीरा बैस, प्रदीप मिश्रा, हीरा साहू, छट्टू कश्यप, ललित राजपूत, दुर्जन सिंह, बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल रहे।

## देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**मुंगेली।** देशी शराब तस्करी करने वाले तस्करी करने वाले आरोपी के कब्जे से देसी शराब सहित कुल 74 हजार का सामान बरामद कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में असामाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालों के विरूद्ध 'ऑपरेशन बाज' चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सिटी कोतवाली पुलिस को 23 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि, एक व्यक्ति अपने पास भारी मात्रा में देशी मदिरा शराब रखकर परिवहन कर रहा है। सूचना पुलिस की टीम ने ग्राम बिरगांव कोदवाबानी रोड के पास घेराबंदी कर आरोपी तो पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भूपेन्द्र कुमार डाहिरे पिता अमृतदास डाहिरे उम्र 40 वर्ष निवासी बैगाकापा थाना लालपुर का होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक थैले में रखी 100 नग देशी प्लेन शराब कीमती 8 हजार, शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 यू 2837 कीमती 60 हजार व 1 ओप्पो मोबाइल सहित कुल कीमती 74 हजार रूपए का सामान जब्त कर लिया। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।